

# पुलिस के पहरे में हुई पीआईसी की बैठक

**खास बातें**

- अध्यक्ष की इजाजत के बिना कोई भी फाइल नपा से नहीं जाएगी बाहर
- बड़े बाबू को सस्पेंड करने का प्रस्ताव भी हुआ पास
- पीआईसी की बैठक में कई विकास कार्यों को मिली मंजूरी





नवभारत न्यूज

**विदिशा 10 सितम्बर, बुधवार को दोपहर में बस स्टैंड स्थित पुराने नगर पालिका सभा कक्ष में पीआईसी की बैठक आयोजित की गई जो पुलिस के पहरे में हुई. जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, नगर पालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर सहित सभी सभापति बैठक में शामिल हुए.**

इस दौरान नगर में निर्माण कार्यों को लेकर प्रस्ताव पास किए गए और रुके हुए निर्माण कार्यों को जल्द करने की बात कही गई. इसके साथ ही नगर पालिका में बड़े बाबू को निलंबित करने और दो अन्य विभागों में पदस्थ कर्मचारियों को बदलने का प्रस्ताव अध्यक्ष द्वारा रखा गया. वहीं पार्षदों में अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे विवाद को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन बैठक में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ और शांतिपूर्वक बैठक हुई. इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने सभी सभापतियों के सामने कहा कि वर्तमान में नगर पालिका में पदस्थ बड़े बाबू को निलंबित कर हटाने की कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही नगर पालिका में दो विभागों के कर्मचारियों को भी बदला जाएगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि शहर विकास को लेकर परिषद की बैठक में कई निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है. जो काम रूके पड़े हुए थे, उन्हें भी जल्द पूरा कराया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नगरपालिका में फाइलों को बगैर अध्यक्ष की सहमति से नगर पालिका परिषद से बाहर नहीं ले जाया जा सकेगा. अगर बगैर नगर पालिका अध्यक्ष की सहमति के कोई भी कर्मचारी नगर पालिका की फाइल को कहीं भी लेकर गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. साथ ही उन्होंने कहा कि नगर में जो भी निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाएंगे, इस दौरान अगर सीवेज लाइन या पानी की लाइन में टूट फूट होती है तो उसकी रिपेयरिंग की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की रहेगी. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य को पीपीपी मोड पर प्रारंभ किया जाएगा. इसके साथ ही वार्ड नंबर 2 में नाला निर्माण जो रुका हुआ था उसे जल्द पूर्ण कराया जाएगा.

### 45 निर्माण कार्यों को मिली मंजूरी

सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने बताया नगर विकास को लेकर 45 निर्माण कार्यों की स्वीकृत के लिए सभापतियों के समक्ष रखे गए हैं, जिन्हें सभी की सहमति से पारित किया गया है.उन्होंने कहा कि बैठक में सभी सभापति मौजूद थे और सभी की सहमति से बैठक पूरे कोरम के साथ संपन्न हुई है.उन्होंने कहा कि नगर पालिका में बड़े बाबू और अन्य दो विभागों में विभागों के प्रभारी को बदल जाएगा. इसके साथ ही वार्ड नंबर दो में नाला निर्माण कार्य तकनीकी कारणों के कारण रुका हुआ था उसे जल्द पूर्ण कराया जाएगा. इसके साथ कई क्षेत्रों में सीसी सड़क और डामरीकरण सहित नाले का निर्माण कराया जाएगा.वहीं बैठक के दौरान सिटी कोतवाली थाना से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे. जिससे की बैठक में किसी प्रकार का कोई विवाद निर्मित ना हो सके.साथ ही यहां पर अनुमान लगाया जा रहा था कि दूसरे पक्ष के पार्षद यहां आकर विवाद की स्थिति निर्मित कर सकते हैं लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और बैठक शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई.

# पेढ़ी चौराहे पर रात में गदर, हुई चाकूबाजी

**नशे में धुत युवक ने किया हंगामा, पुलिस ने संभाले हालात**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 10 सितम्बर, पेड़ी चौराहे पर मंगलवार रात को एक नशे में धुत युवक ने जमकर उपद्रव मचाया. आरोपी अन्नू शर्मा ने पहले गुप्ता पान भंडार में तोड़फोड़ की.फिर दुकानदार के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया.**

घायल दुकानदार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. आरोपी ने आसपास की दुकानों में सामान फेंका. सब्जी विक्रेताओं की सब्जियां सड़क पर बिखेर दीं और राहगीरों को भी धमकाने लगा. गुस्साई भीड़ ने आरोपी की पिटाई कर दी. सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने भीड़ को नियंत्रित किया और घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा. टीआई आनंद राज के अनुसार, अन्नू शर्मा पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस तोड़फोड़ और हमले के मामले में कार्रवाई करेगी. स्थानीय लोगों का कहना है कि पेडी चौराहे पर शराबियों का आतंक बढ़ता जा रहा है. नशे में धुत लोग दुकानदारों और राहगीरों को परेशान करते हैं. लोगों ने चौराहे पर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है.

## पिछले साल से ज्यादा यूरिया फिर भी किसान परेशान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कृषि विभाग के उप संचालक के .एस . खपेडिया ने बताया कि जिले में खरीफ फसलों हेतु विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है . उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 में जिले में 34,700 मीट्रिक टन यूरिया, 36,000 मीट्रिक टन काम्प्लेक्स (एनपीके) एवं 8,450 मीट्रिक टन एसएसपी खाद का वितरण किया गया था . इसके मुकाबले खरीफ वर्ष 2025 में यूरिया 48,950 मीट्रिक टन, डीएपी 20,180 मीट्रिक टन, काम्प्लेक्स (एनपीके) 17,350 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 10,850 मीट्रिक टन का भंडारण एवं वितरण किया गया है .

## अभी किया पंजीयन, उपकरण के लिए करना होगा इंतजार

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** आजीविका मिशन भवन कुरवाई में बुधवार को विकासखंड स्तरीय दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया. शिविर में 1 से 12वीं तक अध्ययनरत 114 दिव्यांग छात्रों का पंजीयन किया गया. इनमें से 74 छात्रों को उपकरण वितरण हेतु चिन्हांकित किया गया, जिन्हें आगामी शिविर में उपकरण दिए जाएंगे.शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के साथ श्रवण, नेत्र, अस्थि एवं बौद्धिक परीक्षण किए गए. शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय की चिकित्सक टीम का विशेष सहयोग रहा.बीआरसी बलबीर सिंह राजपूत ने शिविर में कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास आवश्यक हैं. शिविर में बीईओ कमल सिंह बागड़ी, डीईओ कार्यालय के चन्द्र प्रकाश शर्मा, एपीसी ज्योति केदारे, बीआरसी अनूप तिवारी सहित अधिकारी, शिक्षक पालक उपस्थित रहे.

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जांच पड़ताल की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता नेटीएल. में जारी निर्देशों व एसडीएम गंजबासौदा के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की निरीक्षण टीम द्वारा बासौदा शहर में किराना दुकानों एवं नया बस स्टैंड स्थित रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया.रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों से संचालकों को अवगत कराते हुए साफ-सफाई बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन निर्माण एवं विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. इसी क्रम में बरेठ रोड एवं सावरकर चैक स्थित किराना दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थ अचार, सूखी मटर, फहलारी पापड़ एवं राजगीर आटाकृके सैंपल जांच हेतु लिए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है.

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

नवभारत न्यूज

**विदिशा,स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्प्रिंगफील्ड विद्यालय में आयोजित 68वीं राज्य स्तरीय शालेय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया. बालक एवं बालिका वर्ग के विभिन्न आयु वर्गों में हुए रोमांचक मैचों में इंदौर, ग्वालियर और भोपाल की टीमों ने जोरदार टक्कर दी.बालक अंडर-19 वर्ग में इंदौर और भोपाल के बीच मुकाबला खेला गया.**



भोपाल के कुशविन जैफ्री ने बेहतरीन बैक हैंड और सर्विस से कनिष्क ककोरिया को हराया, लेकिन डबल्स में भव्य सोनी और कनिष्क की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए इंदौर को 2-1 से जीत दिलाई. अंडर-17 बालक वर्ग में भोपाल और ग्वालियर की टीमें आमने-सामने रहीं. मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें डबल्स से निर्णायक साबित हुआ.ईशान गड़पाले और रुद्र बाथम की जोड़ी ने ग्वालियर को 2-1 से जीत दिलाई. अंडर-14 बालक वर्ग में इंदौर ने भोपाल को कड़ी टक्कर दी और 2-1 से जीत सुनिश्चित कर फाइनल अपने नाम किया. बालिका अंडर-19 वर्ग में ग्वालियर की अनन्या चौबे और उनकी जोड़ीदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में भोपाल को हराकर एक तरफा जीत दर्ज की. अंडर-17 बालिका वर्ग में भोपाल की अभिसि शर्मा ने अपने पार्टनर के साथ मिलकर इंदौर को 2-1 से शिकस्त दी। अंडर-14 बालिका वर्ग में ग्वालियर ने दोनों सिंगल्स जीतकर इंदौर को 2-0 से हराया. प्रतियोगिता के तीसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल सिंह जाटव, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अंबेश सोनी, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, अनिल सोनी, राजेंद्र यादव, भूपेंद्र शर्मा, संजय ठाकुर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. चीफ रेफरी संजीव कुमार ने जानकारी दी कि अगले दिन सिंगल्स के लीग मुकाबले खेले जाएंगे, जिनके आधार पर मध्यप्रदेश टीम का चयन किया जाएगा.सह मीडिया प्रभारी पंकज भार्गव ने जानकारी दी.

## बहू गालियां देकर करती है अपमानित, पुलिस ने समझाया

**सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में बुजुर्गों की समस्याओं की हुई सुनवाई**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, सीनियर सिटिजन की समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस पंचायत की शुरूआत की गई है जिसमें हर बुधवार को बुजुर्ग अपनी परेशानी लेकर आ रहे हैं जहां पर उनकी परेशानियों का समाधान किया जा रहा है.गंज बासौदा निवासी एक सीनियर सिटिजन ने पंचायत में बताया कि लगभग 7 वर्ष पूर्व उन्होंने अपने करीब 2 किलो चांदी के जेवर एक व्यक्ति को गिरवी रखकर कुल 33 हलार लिए थे. इस बीच उन्होंने 5 हजार वापस भी कर दिए, अब जब वह अपने जेवर वापस लेने गए तो सामने वाले ने जेवर लौटाने से मना कर दिया और रकम डूब जाने की बात करने लगा.**

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए इसे आगामी सुनवाई के लिए निर्धारित किया तथा अनावेदक की उपस्थिति अनिवार्य की गई, जिससे निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके. एक सीनियर सिटिजन दंपत्ति ने बताया कि पहले उन्हें दवाइयों पर लगभग 7 हजार मासिक खर्च करना पड़ता था. लेकिन पंचायत के कार्ड से तथा मां मेडिकल के साथ हुए एमओयू के चलते अब उन्हें 20 प्रतिशत छूट मिल रही है, जिससे प्रति माह लगभग 1 हजार 500 की बचत हो रही है. वहीं एक अन्य मामले में एक सीनियर सिटिजन ने शिकायत की थी कि उनका पुत्र नशे की हालत में उन्हें और परिवार को परेशान करता है तथा घर में मारपीट व झगड़े करता है. पंचायत द्वारा परामर्श देने के साथ-साथ पुलिस को भी उनके घर भेजकर स्थिति संभाली गई. एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बहू उन्हें झगड़ा, मारपीट एवं अपमानित करती है और अभद्र भाषा का प्रयोग करती है। पंचायत ने बुजुर्ग महिला, उनके बेटे और बहू तीनों को बुलाकर लंबी चर्चा और परामर्श किया. बैठक अतिरिक्त एएसपी डॉ. प्रशांत चौब. सचिन गर्ग, अतुल शाह, आरके कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, अजय टंडन एवं विनोद शाह की उपस्थिति हुई.

## कृषि एवं राजस्व विभाग की उपस्थिति में हो रहा खाद वितरण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिले में खाद वितरण व्यवस्था पर सतत् नजर रखी जा रही है. कलेक्टर के दिए गए निर्देशों के परिपालन में राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से वितरण व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं. कृषि विभाग के उप संचालक केएस खापेडिया ने बताया कि प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति, पमारिया में कृषकों को पात्रतानुसार खाद वितरण का कार्य शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से कराया जा रहा है. इस अवसर पर क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी . राघवेंद्र अहिरवार एवं पटवारी प्रियंक वर्मा उपस्थित रहे.

## जीवन अनमोल है, आत्महत्या समाधान नहीं-वर्मा




नवभारत न्यूज.

**विदिशा,**विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज में जागरूकता सेमिनार का आयोजन हुआ.जिसमें आत्महत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करना था. सरकारी अस्पताल के सीएस डॉ. अनुप वर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी करना आज के समय की सबसे बड़ी भूल है. हमें समाज में यह संदेश फैलाना होगा कि हर समस्या का समाधान संभव है, लेकिन आत्महत्या कभी समाधान नहीं है. कठिन परिस्थिति में मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का प्रतीक है. मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक राजपूत और एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ. सैयद खान ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है. कठिन परिस्थितियों में संवाद और सहयोग ही जीवन को दिशा देने का सबसे बड़ा साधन है. कॉलेज की प्रिंसिपल सुसेन शर्मा ने कहा युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए और कठिनाई आने पर परामर्श लेने में संकोच नहीं करना चाहिए. मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ करना भविष्य के लिए खतरनाक हो सकता है. सेमिनार में यह भी बताया गया कि आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 एवं 1800-891-4416 पर निशुल्क परामर्श उपलब्ध है.

## हमेशा प्रेरणादायी रहेंगे शहीद वीर सिंह सप्रे-विधायक



नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** कुरवाई की माटी के वीर सपूत शहीद हुए स्व. वीर सिंह सप्रे की स्मृति में जीवनदान हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी यूनिट द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर पटेल लैंडमार्क में संपन्न हुआ. शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया एवं विशेषज्ञ डॉक्टर्स से परामर्श लिया. इस अवसर पर शिविर में सेवाएं देने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों का क्षेत्र के विधायक हरिसिंह सप्रे, समाजसेवी पंचमलाल सप्रे, पुलिस निरीक्षक आशीष सप्रे, आयुष सप्रे, ने शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया. आयोजन में उस समय सन्नाटा छा गया, जब विधायक हरि सिंह सप्रे मंच पर विचार व्यक्त करते हुए अपने बड़े भाई स्वर्गीय वीर सिंह सप्रे को याद करते हुए अत्यंत भावुक हो गए.उन्होंने कहा कि मेरे भाई स्वर्गीय वीर सिंह सप्रे ने अपना जीवन देश और समाज की रक्षा के लिए बलिदान कर दिया, वह हम सबके लिए सदैव प्रेरणादाई रहेंगे.शिविर में डॉ. अंकुर गुप्ता जनरल फिजिशियन, डॉ. प्रमोद वर्मा हड्डी रोग एवं सर्जन, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय हड्डी रोग, डॉ. अनीता गुप्ता महिला रोग, डॉ. पंखु निनावली नेत्र रोग, एवं डॉ. अरविन्द मीना दंत रोग विशेषज्ञ ने दिन भर मरीजो को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की, अस्पताल प्रबंधन एवं सप्रे परिवार के द्वारा सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया.

**जांच** स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही पर उठ रहे सवाल, नहीं हो रही ठोस कार्यवाही, गली-गली में खुले फर्जी अस्पताल

## बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही क्लीनिक, समझाइश देकर लौटे




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** फर्जी और झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से कई मरीजों की मौत हो चुकी है लेकिन अभी तक किसी झोलाछाप डाक्टर पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई. मौत के बाद गुस्साए लोगों के दबाव में आकर क्लीनिक सील कर दी जाती हैं लेकिन कुछ दिनों बाद वह क्लीनिक खुल जाती है. स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्यवाही करने का दावा कर रहा है लेकिन नतीजे सामने नहीं आ रहे हैं. शहर के हर इलाके में अवैध क्लीनिक और झोलछाप डाक्टरों की दुकानदार जमकर चल रही है.बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई इलाकों में दबिश देकर क्लीनिक और लैब की जांच की जहां पर कई कमियां मिलने पर भी न तो क्लीनिक औ न ही लैब सील की गई न ही कानूनी कार्यवाही की गई.डॉ. पुनीत महेश्वरी शहरी नोडल अधिकारी के द्वारा झोलाछाप क्लीनिकों पर छापामार कार्यवाही की गई जिसमें रामलीला मैदान, जतरापुरा,वैशाली नगर, बरईपुरा, गल्लामंडीरोड, खरीफाटक रोड एवं स्टेशन रोड पर स्थित लैब व क्लीनिकों ठाकुर क्लीनिक, सार्थक क्लीनिक, राध्या क्लीनिक, आस्था क्लीनिक, जैन दवाखाना, जैन औषधालय, थायरो केयर, शाशंक लैब आदि का निरीक्षण किया गया जहां पर कुछ चिकित्सक बिना रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक संचालित कर रहे थे उन्हें एमपीऑनलाइन के माध्यम से मध्यप्रदेश उपचर्यागृह एवं रूजोपचार संबंधी पंजीयन कराये जाने एवं जिनके पंजीयन अवधि समाप्त हो गई थी उन्हें रिन्यू कराने के लिए कहा गया.

## 3 हजार 453 किसानों को अभी भी रिपोर्ट का इंतजार

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शासन की योजनांतर्गत जिले के 7 विकासखंडों में 8 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 5 प्रयोगशालाओ को छह माह पूर्व संचालन हेतु निजी हाथों में सौंपा गया था. इस प्रकार वर्तमान में जिले की आठ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 3 युवा उद्यमियों द्वारा, 2 एफपीओ द्वारा,1 वीएसटीएल योजनांतर्गत अंतर्गत तथा 2 शासन द्वारा संचालित हो रही है. उक्त प्रयोगशालाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षाकी. कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि प्रयोगशालाओं द्वारा मिट्टी की जांच के बाद एकत्रित ऑकडों से जिले की मिट्टी का मानचित्र तैयार किया जाए.

## गर्ल्स कॉलेज में पानीपुरी, चाट और दही बड़े के सजे स्टॉल



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गर्ल्स कालेज में बुधवार को पोषण मेला लगाया गया. इस दौरान पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं एवं होम साइंस की छात्राओं ने भाग लिया. छात्राओं द्वारा दही बड़े, भेलपुरी, पानी पुरी, चाट एवं अन्य व्यंजनों के स्टाल लगाए गए. कालेज के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के उद्बोधन से हुआ . पूर्व प्राचार्य डॉ. नीता पाण्डे एवं अन्य शिक्षकों के साथ प्रत्येक स्टाल का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने पोषण से जुड़े रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला.संपूर्ण गतिविधि का संचालन डॉ. आरती मल्होसिया के नेतृत्व में हुआ, जिसमें डॉ. अनुभव श्रीवास्तव एवं प्रियंका सोंधिया की भूमिका रही.